महीनों तक वेतन नही दिया गय। पिछले साल जब मै अपोजी ान में था तो श्री हीरा नन्द आर्य जी को मैने काफी समझाया था कि आप इस काले को टेक–ओवर कर लो। इस कालेज में दो करोड़ रूपये की जायदार है लेकिन वे नही माने परन्तु हमारी सरकार ने बिना सिफारि ा के ही इस कालेज को टेक– ओवर कर लिया, इसके लिए मै सरकार को धन्यवाद देता हूं। दूसरा कालेज जिसका मै प्रैजिडैन्ट भी था, उसकों भी टेक–ओवर कर लिया है, उसक लिए भी बहुत बहुत धन्यवाद। डिप्टी स्पीकरसाहब काफी स्कूलों को अपग्रेड किया गया है लेकिन अब भी रिमोर्ट औ कन्ट्री प्लेसिज पर पांच–पांच और आठ आठ मील तक हाई स्कूल नही हैं इसलिए जहां पर हाई स्कूल की डिमान्ड है और वह गांव भार्त पूरी करता है। तो वहां पर हाई बना दिया जाना चाहिए। देहातों में लड़कियों की ि ाक्षा की तरफ ज्याद ध्यान नही दिया जा रहा है और इसका कारण यही है कि गांवों में लड़कियों के स्कूल नही है। इसलिए लड़कियों में अधिक एजूके ान को बढ़ावा देने के लिए जहां से भी लड़कियों के स्कूल की डिमान्ड आये उसको पूरा कर दिया जाये तो बहुत ही अच्छा होगा। इसी सिलसिले में एक बात और अर्ज करना चाहता हूं। कि गुडगांवा के अन्दर पांच साल पहले एक बहुत ही बड़ी बिल्डिग स्कूल के लिए बनायी गई थी। उस पर 10–15 लाख रूपये खर्च हुआ था। वहां पर गवर्नमेंट हायर सैकिन्डरी स्कूल नही खोला गया बल्कि दूसरे दफ्तर खोलकर इसका दुरूपयोग कर रहे है। मै चाहूंगा कि वहां पर हायर सैकिन्डरी स्कूल जल्दी से जल्दी चालू किया जाना चाहिए

क्योंकि गुडगावां भाहर की आबादी भी एक लाख से ऊपर पहुंच गई है।

श्री उपाध्यक्षः आपका समय केवल दो मिनट बाकी है।

चौधरी प्रताप सिंहः देहातों मं पानी की बड़ी किल्लत हैं जिन गांवों में पीने का पानी नही है वहां पर प्रायरिटी बेसिज पर पीने के पानी का प्रबन्ध किया जाये। हमारे गुड़गावां जिले में वाटर सप्लाई स्कीम का काम बहुत कम एरियाज में हुआ है। मेरे अपने हल्के में केवल एक गांव को ही वाटर सप्लाई स्कीम मिली हैं मेरा सरकारसे अनुरोध है कि जहां पर जमीन में खारा पानी है। वहां पीने के पानी को अव य प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार ने मेवात बोर्ड बनाया है। यह बहुत ही अच्छा काम किया है। यह इलाका सब से पिछड़ा हुआ है, वहां पर किसी भी सरकार ने अब तक ध्यान नहीं दिया था। इस मेवात बोर्ड के अन्दर दो तहसीलों को कवर किया गया है। आप को भली–भांति पता है कि वह इलाका कितना गरीब है लेकिन इसके साथ साथ मैं यह भी चाहूंगा कि गुड़गावां तहसील को भी बैकवर्ड एरिया करार दिया जाना चाहिए क्योंकि यह तहसील भी बहुत गरीब है। महेन्द्रगढ़ का सारा इलाका बैकवर्ड एरिया में आता है, इसी तरह गुड़गावां को भी बैकवर्ड एरिया करार दिया जाना चाहिए।

इसके साथ साथ जंगलात के बारे में भी जरूर अर्ज करना चाहता हूं। हमारे यहां पहाड़ का इलाका है। वहां पर द्रखत लगाने का बड़ा ही भारी स्कोप है। उस एरिया में न तो कैनाल साइड पर और न रोड साइड पर द्रखत लगाये है। वहां पर सड़कों की भी बड़ी खराब हालत है इसलिए सड़कें भी जल्द से जल्द बनायी जानी चाहिएं। गुडगावां के अन्दर कोई मैडिकल कालेज नहीं है और न ही कोई इंजीनियरिंग कालेज है उस पर भी सरकार को वि ोश ध्यान देना चाहिए।

11.00 बजे

डा. मंगल सैन (रोहतक): डिप्टी स्पीकर साहब, कई दिनों से इस हाउस में वर्श 1980–81 के बजट पर विचार चल रहा है। 10 तारीख को हमारे वित्त मंत्री महोदय द्वारा इस सदन में बड़ा बोर करने वाला अभिभाशण पढ़ते समय सरकारी कुर्सियों पर बैठने वाले सदस्यों ने, महानुभवों ने बड़ी थपथपियों से, बड़े ताल के साथ इस बजट का स्वागत किया था, करना भी चाहिए था। बजट अच्छा हो या बुरा हो, सरकार का साथ देना ही चाहिए। इन्होने कहा कि यह बड़ा ही भाानदार, बहुत ही खूबसूरत, लुभावना, मनमोहक और टैक्सलैस बजट हैं यह कहते है कि इस में कोई कर नही लगाया गया है, यह बजट कर रहित है। डिप्टी स्पीकर साहब यह कर–विहीन बजट तो जरूर है लेकिन इस बजट में जो 31.14 करोड़ रूपये का घाटे का बजट नही है बल्कि यह

बजट 50 करोड़ रूपये के घाटे का बजट हैं यह टोटे का बजट है।

(इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य, चौधरी प्रताप सिंह ठाकरान, पदासीन हुए)

चेयरमैन साहब, वित्त मंत्री कहते है कि इस खसारे को मोजू वक्त आने पर पूरा लिया जायेगा यानी ठीक समय पर कमी को पूरा करलिया जायेगा। सभापति जी, एप्रोप्रिएट टाईम पर कुछ आने वाल हैं यह टाईम जुलाई के महीने में आने वाला हैं जब सारी विधान सभाओं के चुनाव हो जाएंगे, उस समय तक हरियाणा में भी चुनाव हो जायेगे। जो मेरे भाई दल बदल कर गए है, उनके बारें में जब ऊपर से कुछ ब्यान आता है तो इनका ब्लड प्रै ार हाई हो जाता है और डाक्टरों के पास भागे रहते है। सभापति महोदय, मै कहना चाहता हूं। कि टैक्स तो लगेके ही रहेगे, बे ाक कांग्रेस आई का लत्ता ओढ लिया हो। हमारे यहां पर एक आदरणीय सदस्य है जो नव–युवक है। वे इन्दिरा जी से अपनी बात आरमी करते है, उनकी ही सराहना करते है और फिर धीरे–धरी यू०एन०ओ० तक पहुंच जाते है, फिर वापस हरियाणा के तो ाम इलाके में आ पहुंचते है।

श्री सभापतिः डा० साहब आप बजट पर बोले।

डा० मंगल सैनः सभापति जी नहले तो इन्होने भाबास ले ली है फिर बाद में टैक्स लगा देगे। यह बजट टैक्स–रहित ही

नही, बल्कि लाइफलैस, डायरैक ानलैस और विजडमलैस भी है। चेयरमैन साहब, मेरे एक दोस्त बीच में टोक रहे है, मै उनकों बताना चाहता हूं। कि वे तो पिछली ही मौसम में पहली बार यहां पर आए है। चेयरमैन साहब, मै आपके द्वारा यह कहना चाहता हूं। कि यहां पर 7 तारीख को हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने एक जवाब में एक बड़ी रोचक बात कही।

श्री सभापतिः इन बातों का बजट से क्या संबंध है?

डा० मंगल सैनः इन बातों का बजट से इसलिए संबंध है कि सारे प्रदे ा के गरीब लोगों का पैसा बर्बाद हो रहा है, वेस्ट कर रहे है। सारे हरियाणा के किसानों, मजदूरों और मेहनतक ा करोड़ो रूपया जो टैक्स की भाक्ल में देते है, इस सारे के सारे पैसे को ये अपनी राजनीतिक गठबंधन के लिए पानी की तरह बहा रहे है। (ोम भोम की आवाजे) सभापति महोदय, मै इसलिए कहना चाहता हूं कि इन्होने बड़े साफ भाब्दों में कहा..... .....(ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः आन ए प्वायंअ आफ आर्डर सर। अब डा० साहब मजदूरों, हरिजनों और किसानों की हमदर्दी की बात करते है लेकिन उस वक्त यह याद नही आया जब टेलीफोन का लाखों रूपये का बिल आता था? (ाोर)

डा० मंगल सैनः सभापति महोदय, 7 तारीख को राज्यपाल महोदय के अभिभाशण की बहस की समाप्ति पर बोलते

हुए मुख्य मंत्री महोदय ने कहा था कि लोकसभा के चुनावों में जनता ने, श्रीमती गांधी को बहुमत दे दिया है, इसलिए हमने मजबूर हो कर अपना चोला बदल लिया है। चेयरमैन साहब, मै उनसे यह बड़े अदब से पूछना चाहता हूँ कि उन्होने ऐसा क्यों किया? मुझे कर्मो से घृणा है उनसे नही है। I do not hate the sinner, I hate the sin.

Mr. Chairman: Dr. Sahib, I would request you to please speak on the budget. Your time is running short.

डा० मंगल सैनः चेयरमेन साहब, मै कह रहा था कि उन्होने इस बारें में विचार किया। क्या विचार किया? दिल्ली में 15 जनवरी को जनता पार्टी की मीटिग में बैठे हुए थे और कह रहे थे कि हम चट्टान की तरह मजबूती से खड़े है लेकिन 22 तारीख को ता ा के पत्ते धरा ाायी हो गए। चेयरमैन साहब, एक और रोचक बात मै इनके बारें में बताना चाहता हूं। 'रविवार अखबार' के पेज 42 पर लिखा हैः—

'' ाायद उसकी समझ में नही आ रहा कि केदार पांडे, रामसुन्दर दास और जगन्नाथ मिश्र के बीच क्या, कहां और कितना फर्क है। जब वही माल मिलना है तो दुकानदार के बदल जाने से क्या होगा। यही भजन लाल आते है और विपणन कला को एक नया आयाम देते है। कहते है—मै दर्पण वही, जाने मुझ क्या हो गया कि सब कुछ लागे नया—नया। माल वही, दुकानदार वही, साईनबोर्ड बदल लिया। ग्राह फंसेगे ही। भजन लाल मीरा से प्रेरित

है। 'जाके सिर मोर मुकुट मेरे पति सोई। मतलब मुकुटधारी से है। मुकुट तले खोपड़ी बदल गई तो पति भी बदल गए। जनता पार्टी वाले मुकुट संभाल कर नही रख पाये पत्नी से हाथ धो बैठे''

चौधरी देस राजः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। यह किताब पढ * * कर रहे है। बचपन की बात याद आ गई होगी जब ये * * किया करते थे। यहां भी * * अच्छा कर रहे है।

Mr. Chairman: Dr. Sahib, I will Again request you to please confine yourself to the debate under discussion. Otherwise, I will have to get it expuged.

डा० मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मै कहना चाहता हूं कि सिर्फ 30 परसैट वोट्स इन्दिरा गांधी की कांग्रेस को मिली है। (व्यवधान व भाोर) भाई भाम ोर सिंह जी क्लेम करें फिर तो बात समझ में आती है लेकिन आप इस बात को क्लेम करें, यह बात समझ नह आती क्योंकि श्री भाम ोर सिंह तो कांग्रेस में डटे रहे हालांकि अपोजी ान में थे। मै इनकी हिम्मत की दाद देता हूं। चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी भी इस बात को कह सकते है। चौधरी सुरेन्द्र सिंह का क्या कहना। इन्दिरा गांधी जी से भाुरू करेगे और अपने पिता जी पर आकरर खत्म करेगे। इनके पिता की तो हिम्मत नही पड़ी कांग्रेस पार्टी से टिकट लेने की। इनकों पता था कि हमने लोगों की नसबन्दी की हुई है इसलिये लोग हमारे चुनाव में बन्दी कर देगे। इसलिए कांग्रेस पार्टी की टिकट पर खड़े नही हुए। (व्यवधान) चेयरमेन साहब, मै अपनी बात पर आता हूं। चौधरी

बीरेन्द्र सिंह जी ने कहा कि एस०वाई०एल० का मामला इसलिये नही निपटा क्योंकि इसमें भाहरी कुलक के लोग मौजूद थे। वह भाहरी कुलक कौन होते है? आप भी भाहर में रहते है, आपकी भी चेयरमैन साहब भाहर में कोठी है, स्पीकर साहब की भी कोठी है हमारे कई मित्रों की कोठियां भाहरों में है, उनके अपने बुजुर्गो की भी कोठी भाहरों में है। वित्त मंत्री जी का तो बड़ा पुराना बंगला है। मेहम में जन्म लिया। हिसार में गोद लिये हुए है, इसलिए इनके बारें में कोई एतराज वाली बात नही होनी चाहिए। हम तो सब कुलक है लेकिन अब तो केन्द्र में श्रीमती इन्दिरा गांधी का एकछत्र भाासन है, पंजाब में कांग्रेस पार्टी का भाासन है और हरियाणा में लत्ता बदली हुई सरकार हैं अब तो यह आपस में बैठकर फैसला कर ले। अब इनकों कौन मना करता है। कि एस०वाई०एल० के मामले को न सुलझाये। अगर चौधरी भजन लाल जी कोई ऐसा निर्णय करें, अगर आंदोलन करना चाहते है तो सारी अपोजी ान उनके साथ सबसे आगे होगी लेकिन हिम्मत तो करो.....(व्यवधान व भाोर)

सिंचाई तथा बिजली उप–मंत्री (श्री देवेन्द्र भार्मा): आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, डाक्टर साहब, बड़े पुराने सुलझे हुए और सीजन्ड पालियामैटेरियल है। इन्होने अभी यह फरमाया है कि अब तो पंजाब में भी कांग्रेस पार्टी का राज है केन्द्र में भी है और हरियाणा में भी है, अब तो यह एस०वाई०एल० का फैसला कर ले। यह अपनी बात भूल जाते है है। पहले जब

आप होम मिनिस्टर और इंडस्ट्रीज मिनिस्टर थे उस वक्त हरियाणा में भी जनता पार्टी का राज था, पंजाब में भी जनता पार्टी का राज था और सैंटर में भी जनता पार्टी का ही राज था। अपनी बात यह भूल जाते है अपनी बात क्यों नही कहते? (व्यवधान व भाोर)

डा० मंगल सैनः मेरे ये साथी भी उस वक्त जनता पार्टी मैं ही थी। जय प्रका ा नारायण जी के आ ार्वाद से ये चुनकर आ गये है। अगली बार इनकों जनता मुंह नही लगायेगी। (व्यवधान व भाोर) मियां तुम्हारे लिये भी मै झोली फैला–फैला कर वोट मांगता फिरता था। मुझें यह पता नही था कि आप भी इमान बदल लेगे? सो ि ायों इर्कोनोमिक प्रोग्राम के बारे में यह बताया गया है कि जो प्रोग्राम इन्दिरा गांधी ने निर्धारित किया है, हमने उसी हिसाब से यह बजट बनाया है। जनवरी 22 को तो आपने दल बदला है। जनवरी के 10 दिन फरवरी के 29 दिन और मार्च के 10 दिन, सारे मिलाकर 49 दिन हुए इनकों कांग्रेस (आई) में आए हुए। यह बजट तो वास्तव में ऐसा लगता है कि जैसे कोई आदमी अपने बगीचे में गुलाब के पौधे के साथ कोई दूसरी टहनी लगा दे वैसा है, यानी मिक्सड ब्रीड है। यह बजट भी वैसी ही पैदावार लगती है। चेयरमैन साहब, मै एक बात और कहना चाहता हूं कि सो ि ायों इकोनोमिक प्रोग्राम के बारे में मैने चौधरी भजन लाल जी से पूछ था कि क्या यह 20 सूत्रीय प्रोग्राम है? अगर है तो मुझ कुछ सूत्र तो गिना दीजिए। वह कहने लगे कि यह काम तो खुर ाीद जी का है। मेरा काम यह नही है। इनका तो केवल एक

सूत्रीय प्रोग्राम है–कुर्सी पर कैसे बने रहे। चाहे जनता पार्टी में रहे, चाहे कांग्रेस पार्टी में रहे, चाहे किसी और पार्टी में जायें, परन्तु कुर्सी पर बने रहे।

मेरे आदरणीय स्वामी जी ने मोम के कोटे कीबात की। वे मोम के कोटे पर बड़ा उछलते हैं स्वामी जी, अगर मोम का कोआ नाजायज इस्तेमाल हुआ हैंतो आप इन्क्वायरी करवालीजिये। स्वमी जी मै आप जेसे आदमियों में से नही हूं। जिस महर्शि दयानन्द के आप चेले बने फिरते है, उसने पत्थर खाये, जहर पी लिया लेकिन आने रास्ते पर से हटे नही। ये अपने आपकों महर्शि दयानन्द जी का चेला बताते है। यह तो उनके नाम परएक कलंक है। महर्शि दयानन्द जी तो एक महान हस्ती थे। भारत के करोड़ो लोग आज भी उनके सामने नतमस्तक होते है। उनकी तरफ से यह दावा करना कि मेवात की डिवैल्मैंट के लिये हमने मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाया, हरिजनों के पैसे बढ़ाये, एडहाक कर्मचारियों का रैगुलर किया, हमने इतने तीर मारे, भई उस तीन अन्दाजी में आप भी तो भाामिल थे। मै अकेला नही था। स्वामी जी, आप सब लोग भी उसमें भाामिल थे। उस यात्रा में मै अकेला नही था, आप भी हमारे साथ थे। (व्यवधान व भाोर)

श्री देवेन्द्र भार्मा: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर! चेयरमैन साहब, हम सारे उस यात्रा में भी भाामिल थे जिसमें डाक्टर साहब ने मन्दिर जाने के बहाने सारा ड्राफ्ट का ड्राफ्ट ही बदल दिया था। हम उस यात्रा में भाामिल थे जिसमें उन्होने

दिल्ली में बैठकर अपना रैजीगने ान भेज दिया और यहां आकर वापिस ले लिया। (व्यवधान व भाोर)

डा० मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मेरे साथ तो हालत यह है–

दस्तूरे जबां बन्दी है कैसी तेरी महफिल में,

यहां तो बात करने को तरसती है जबां मेरी।

मै बोलूं तो ये उछल पड़ते है। मगर जरा सब्र रखे।

चेयरमैन साहब, मार्किटिग बोर्ड में सन् 1979 में जितने आदमी भर्ती किये गये थे उनमें से 294 को निकाल दिया गया है और उनमें एक प्रताप सिंह चौहान नाम का आदमी है जो आज भी मरण व्रत पर बैठा हुआ है.....

Mr. Chairman: I would request the hon. Member not to disuss this matter as it has been ruled out to be sub-judice.

डा० मंगल सैनः बहुत अच्छा जी! इस बात की बजट में चर्चा की गयी है कि कुछ कारपोरे ान्ज में घाटा हो रहा है। उन कुछ नेताओं में मै भी भाामिल था जिनके समय में यह घाटे चलती रही है। लेकिन मै एक बात कहना चाहता हूं कि ये जो 10–11

कारपोरे ान्ज घाटे की है, जो सिर्फ लायेबिलिटी है, करोड़ो रूपया जिनमें बर्बाद हो गया, ये हमें वास्तव में पुरानी कांग्रेसी राज से विरासत में मिली थी। फरीदाबाद में एक टेलीविजन कम्पनी है उसमें 80 लाख रूपये की पूंजी थी, उसमें से 60 लाख रूपये साफ हो गये। इसी तरह से हिसार में पोली स्टील्ज नाम की कम्पनी थी, पता नही कहां से उसके लिये पार्टर ये लोग उइा लाये थे। उसमें 4 करोड़ में से 3 करोड़ रूपये का नुक्सान हो गया। इसी तरह से जींद मे ंऔद दूसरी जगहों पर ऐसी कुछ कम्पनियाय। थी जिनमें घाटा हो रहा था। मैने बार–बार मुख्य मंत्री महोदय से यह कहा कि इनकों बन्द कर देना चाहिए और इनकों वाइन्ड अप कर देना चाहिए लेकिन वे बन्दी नही की गयी। चेयरमैन साहब, इससे आगे मै कहना चाहता हूं कि यहां पर मारूति लिमिटिड के बारें में एक प्र न आया। मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि सरकार ने उसका जवाब देने के लिये एक महीने कासमय मांगा है। चेयरमैन साहब, पता नही इस का जवाब देने के लिए क्या कसरत करनी है जिसके लिए इन्होने एक महीने का टाइम मांग लिया है?

स्थानीय भाासक मंत्री (चौधरी खुर ाीद अहमद): चेयरमैन साहब, इस पर कमी ान बैठा था, और सभी कागजात उस कमि ान के पास है, हमारे पास कोई कागजात नही हैं। जब उनसे सभी कागजात हमारे पास आ जाएंगे तो हम जवाद दे देगे।

डा० मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मै आपकों यह बताना चाहता हूं कि जिन महानुभावों ने मारूति लिमिटिड के लिए जमीन मांगी थी, वे लखूका मालिक है, आज सत्ता में भी है 74 एकड़ के लगभग जमीन मांगी थीऔर हमारेपहले मुख्य मंत्री महोदय ने उन्हें साढ़े चार सौ एकड़ भूमि अलाअ करदी। चेयरमैन साहब, उद्यमी क्या करते है कि जमीन एकवायकर करवाते है, पैसे देते है लेकिन यहां पर सरकार ने ही पैसा दिया और उस पैसे की एक कि त मिली, बाकी 9 कि तों का तोपता नही नही है। अीाी कल ही अखबारों मे पढ़ा है कि मारूति का लाइसेन्स कैन्सिल नही किया गया है। एक भाइ कह रहे थे कि वहां पर बसों की बाडी–बिलिडग का काम भाुरू कियाक जा रहा है, क्योंकि वहां पर बसों की बाडीज बड़ी उमदा बनाई जाती है। चेयरमेन साहब, मुस्झे अन्दे ाा है कि यह करोड़ो रूपयके के घपला वाली बात फिर कही भाुरू न हो जाए। चेयरमेन साहब, मेानी हिल्ज की भी एक कहानी है, उसके मालिक थे एक नवाब, उनके औलाद नही होती थी। (घंटी) चेयरमैन साहब, बस पांच सात मिनट में ही खत्म करूंगा। उस जगह पर हमारे पिछले मुख्य मंत्री चौधरी बंसी लाल जी समर कैपीटल बनाने का प्रयास करते रहे। वहां पर काफी पेड़ लगवाये गये और बाद में उनकों कटवाने के लिए 1 करोड़ 10 लाख रूपये का ठेका दे दिया। चेयरमेन साहब, खैर को तो जड़ से ही कअवा दिया और सरकार के कई नेता है, जिनके उसमें मालकीयत हैं मै आरोप नही लगाता, केवल सरकार से इतना ही कहनाा चाहता हूं कि इसका स्पश्टीकरण कर दें ताकि जो 1 करोड़ 10 लाख रूपये

की रा ि ा इस काम के लिये खर्च आई है उसके बारें में हरियाणा की गरीब जनता को किसी किस्म का भ्रम न रहे।

चेयरमेन साहब, इसी तरह से मै एक और बात के बारें मे कुछ कहनाचाहता हूं। सुबह किसी बात पर यहां हाउस में हंगामा हुआ जिसके कारण भाई गंगा राम जी को हाउस से बाहर जाना पड़ा मजबूरी थी। चेयरमेन साहब, वे अपने जजबातों को सम्भाल ने सके और आने मन की सही बात इस हाउस के साने कह ही दी कि किस तरह से रोहतक के अन्दर एक विधवा हरिजन महिला के साथ एक पुलिस कंसटेबल ने भाराब पीकर रेप किया। वह मामल 7 मार्च का था और 8 मार्च को उस बेचारी की पुत्र–वधू के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया। कितना अत्चाचार है? जब वे लोग थाने में रपट लिखवाने गये तो रपट दर्ज नही की गई और जब जनता की तरफ से इस के खिलाफ आवाज उठाई गई तो तो रेप की बजाय मौलेस्टे ान का मुकद्दमा बनाया गय। चेयरमेन साहब, आपकों पता ही है कि मौलेस्टे ान में और रेप में क्या फर्क है। वे बेचारे गरीब आदमी डरते रहे कि कही उनके ऊपर झूठा मुकद्दमा न बना दिया जाए और यहां पर मेरे हरिजन भाईयों ने बोलते हुए कहा था कि हमारे हरियाणा राज्य में हरिजनों के साथ कोई किसी प्रकार का अत्यचार नही हो रहा हे, उनकों किसी प्रकार की कोई तकलीफ नही है। चेयरमेन साहब, मै आपकों और बताना चाहता हूं कि भिवानी में एक जूई कलां का किस्सा है। वहां पर भी हरिजनों को परे ाान किया जा रहा है,

इस मामले को भी सरकार अभी तक हल नही सकी है। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः डाक्टर साहब, आपके बोलेते हुए काफी समय हो गया है, अब आप वाइंड–अप करें।

डा० मंगल सैनः चेयर मैन साहब, मै पांच मिनअ में ही अपनी बता कहकर समाप्त करता हूं। अभी मेरे अजीज भाई बीरेन्द्र सिंह जी ने एक बात कही कि हिमाचल के मुख्य मंत्री जी ने यह कहा कि मै नाथपा–झाकड़ी प्रोजैक्ट पर पुनविचार करूंगा। मै कहना चाहता हूं कि वहां पर भी दल बदलुओं की सरकार है। रातों रात वहां पर भी कांग्रेस (आई) की सरकार बना दी गई है। यहां भी दल बदलू हमारे मुख्य मंत्री है, ये दोनों बैठ कर आपस में मामला तय कर लें क्योंकि यह तो हरियाणा की लाईफ लाईन है। यह मामला बड़ा अहम है, इसकी तरफ सरकार को अ वय ध्यान देना चाहिये।

चेयरमैन साहब, इससे आगे यहां पर यह भी बात की गई कि जो स्कूल्ज साम्प्रदायिकता फैलाते है, उनकेां एड न दी जाए, मै इस बात को मानता हूं लेकिन ऐमरजैनसीके दिनों में जिन स्कूलों के विद्यार्थियों और अध्यापकों को जेलों में ठोंसा गया, कम से कम ऐसे स्कूलों को तो सरकार को ध्यान रखन चाहिये। (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः सभापति महोदय, मेरा प्वायंअ आफ आर्डर है, डाक्टर साहब जिस बात का जिक्र कर रहे है, उन स्कूलों के अध्यापकों और विद्यार्थियों की ऐमनजैन्सी के दिनों में जेलों में नही भेजा गया था (विघ्न)

डा० मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मै उसके ंप्रिसीपल की बात कर ाहू हूं एक बार गये, दूसरी बार फिर गये। चलो चेयरमेन साहब, इस बात पर ही ये आ जाएं, अगर मै गलतप हूंगा तो मै इस्तीफा दे दूंगा, नही तो ये इस्तीफा दे दें। (ाोर व व्यवधान) चेयरमेन साहब, मेरे भाई अभी अमर में कच्चे है.....(ाोर एवं व्यवधान)

श्री सभापतिः डाक्टर साहब, आपकासमय यहो गया है आप अब खत्म करे।

डा० मंगल सैनः बस, चेयरमैन साहब, मै आखरी बात कह कर अपना स्थान लेता हूं। मै वित्त मंत्री महोदय जी को यह कहना चाहता हूं कि हगर वे वास्तव में खर्चे में बचत करना चाहते है तो अपनी मिनिस्टरी की संख्याको कम करें। जहां तक इनका ताल्लुक है, यह एक दफा पार्टी छोड़कर इधर आने लगे थे फिर बाद में पता नही क्या मजबूरी हो गई। इलेक ान के दिनों में तो कांग्रेस पार्टी को यह एक भाख्भी हकूमत बाते ि लेकिन अब खुद उसी हकूमत में भाामिल हो गये हैं इन भाब्दों के साथ ज्यादा न

कहता हुआ, आप भी बार–बार कह रहे है, आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूं।

श्री लछमन सिंह (कालका): चेयरमेन साहब, 10 मार्च, 1980 को, तायल साहब ने जो बजट यहा पे ा यिका है, मै उसकी स्पोर्ट करेने के लिये खड़ा हुआ हूं। लोकदल और जनत पार्टी के भाईयों और बहनो ंने उस परबोलते बोलते अपने क्ष्यालात रखे है। जैन साहब ने अपनी स्पीच में सब सेपहले एक बात की कही..... .....(विघ्न)

चौधरी जय नारायणः चेयरमेन साहब, सरदार लछमन सिंह जी से यह कहा जाए कि वे अपना स्पश्टीकरण दें कि वे किस पार्टी से ताल्लुक रखते है?

श्री लछमन सिंहः चेयरमेन साहब, मै बोल रहा था कि जैन साहब ने सब से पहले अपनी स्पीच पर बोलने हुए, सरकार परयह दोश लगायाथा कि हरियाणा सरकारने रूरल इंडस्ट्रीलाइजे ान की पालिसी को बदल दियाहै और इस सम्बन्ध में उन्होने बजट स्पीच में पेज 22 के कुछ अलफाज भी कोट किये थे। अब मै आपकों व इस सदनको पेज 21 पर जो कुछ लिखा है, वह बतलाने जा रहा हूं। उसके अन्दर लिखा है–

"As further encourgement to the tiny units inthe rural areas, Government is providing the following package of incerntives to them:—

(i) Supply of the feasibility reports free of cost;

(ii) Exemption from electricity duty for a eriod of 7 years and exemption from sales tax and purchase tax for a period of 2 years on a raw msterials etc;

(iii) A 20% price preference and 50% additional allocation of controlled raw materials;

(iv) Interest free loan inlieu of central sales tax for a period of 7 years and also exemptionfrom duty on self generation of power for 7 years."

यह जो पेज नम्बर 22 पर लिखा हे, यह पालिसी मैअर से सम्बन्धित है। चेयरमेन साहब, मै भी यही कहता हूं कि जब तक केन्द्र सरकार हरियाणा के अन्दर कुछेक जगहों को बैकवर्ड डिकलेयर नही करती, जब तक इंडस्ट्रीलाइजे ान नही हो सकती। मै यहां पर बतानाचाहता हूं कि केन्द्र सरकार ने परवानू के इलाकें को भी बैकवर्ड डिकलेयर किया हैं वहां पर काफी इंडस्ट्रीज लगाई गई है। और लगाई भी जा रही हैं इसके मुकाबले मैं हरियाणा साइड मैं इडस्ट्रीज पनप सकती हैै लकिन हयां पर पोल्यू ान हैं कालका के इलाकें में इंडस्ट्रीज पनप सकती है, अगर केन्द्र सरकार इसकों बैकवार्ड डिकलेयर कर दे और फिर इंडस्ट्रीज लगाने के लिये सबडिी भी दी जाए। मै डाक्टर साहब का आभारी हूं कि उनहोने अपने वक्त में कालका के बारें में लिखा थ परयह स्कीम किन्ही कारणों से सिरे न चढ़ सकी। अगर इस जगह पर सरकार की तरफ से इंडस्ट्रीज की सहूलियतें दी जाएं तो तो ऊपर की इंडस्ट्रीज यानी जो लगो इधरसे ऊपर इंडस्ट्रीज लगाने के लिये

गये है, वे वापिस आ जायेगे और इस तरहै सारी दंडस्ट्री नीचे की तरफ आ सकती है। जैसा कि जैन साहब ने कहां कि हमारे प्रांत में बेराजगारी बहुत है, अगर हमारे हरियाणा के अन्दर इंडस्ट्रीज ज्यादा होगी तो उससे बेराजगारी की समस्या समाप्त हो जाएगी और लाखो ंबेराजगारों को इससे लाभ होगा। इसलिये हमारी सरकार को इसके लिए प्रयत्न करने चाहिये कि केन्द्र सरकार से इस काम के लिये सबसिडी मिले ताकि हमारे हरियाणा प्रांत में खु ाहाली हो। चेयरमैन साहब, मेरे और बहुत से दोस्तों ने यहां पर बजट के खिलाफ बोलते हुए कहा है कि यह बजट बड़ा कलरलैस है, टेस्टलैस है और साथ ही डाक्टर साहब ने भी बड़े ड्रामोटिक अन्दाज में बोलते हुए कहा। ये इस हाउस के बड़े तजुबेंकार मैम्बर है लेकिन क्या करें, अरमान मन के अन्दर ही रह गये। इनकौं पता नही था कि तायल साहब इनकों ता दे जाएंगे। इनके अन्दर अरमान था कि यह बजट एंटी किसान होगा औरहम इसकी कापियों फाड़ कर फेकेगे और इस तरह हमारी फोटो अखबारों में आएगी। लेकिन जब बात उल्ट निकली तो यह लाबी मेंचले गये और कहने लगे कि यह इलैक ान बजट है। एक बात और बताना चाहता हूं कि ये दल बदलू की बात पर बहुत जोर दे रहे थे। डा० साहब जनता के दरबार में यह प्वायंअ लेकर अये तौकि दल बदलुओं को सबक सिखा दो। जिनके खिलाफ आप दल बदलुओं का नारा लेकर गये थे वे तो लोक दल के आदमी अच्छे रहे लेकिन आप लोकसभा में 92 थे और आज 12 रहे गये है (ाोर) डा० साहब आप अपने गिरेबान में मुंह डाल कर नही

देखते। जिस चीज को अपन दल बदलू कहते है वह दल बदल नही हैं आप अपनी पार्टी को तो गांग में धुली हुई कहते है और हमें दल बदलू कहते हों हमने दे ा की 65 करोड़ जनता की आवाज को सुना?। वे लाग कहते थे हम दे ा की बागडोर श्रीमती इन्दिरा गांधी के हाथ में में सौपना चाहते हैं इसलिये हमने तो जनता की भावनाओं पर फूल चढ़ाए है। चेयरमेन साहब, एक तरह तो ये लोग ऐसी बातें करते करते है, लेकिन जब हमें ये प्राइवेटली मिलते है तो कहते है कि आपने हमारी नौकरी बचा दी। यहां हाउस में तो ये लोगों को दिखाने के लिये ऐसी बाते करते है।

डा० मंगल सैनः चेयरमेन साहब, मेरा प्वायंअ आफ आड्डर है। सरदार लछमन सिंह मारे पुराने जानकार है और जेलों में हम इकट्ठे रहे है। ये जेल में श्रीमती इन्दिरा गांधी के बारें में क्या कहा करते थे जरा वह भी बता दे।

श्री लछमन सिंहः चेयरमैन साहब, जेल के अन्दर मेरे खिलाफ यह इलजाम था कि श्रीमती इन्दिरा गांधी का श्रद्धालु है। ये ईमानदारी से यह बात बात दें कि मैने कभी श्रीमती इन्दिरा गांधी के खिलाफ बोला हो। (ाोर)

श्री वीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं अभी मेरे मित्र ने कहा जब हम इनकों प्राइवेटली मिलते है तो हम कहते है कि हमारी नोक्री बचा दी। यह बिल्कुल गल्त

बात है हमने कभी भी ऐसे नही कहा। चेयरमेन साहब ये भाब्द कार्यवाही से एक्सपंज होने चाहिएं। (ाोर)

डा० मंगल सैनः चेयरमैन साहब, जब से इन्होने दल बदलाा है तब से मेने इनसे कोई बात नही की है। (ाोर)

चौधरी जय नारायणः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायं आफ आर्डर हैं अभी सरदार जी ने कहा कि हमने इनकों कहा कि हमारी नौकरी बचादी। चेयरमैन साहब, यह बिल्कुल गल्त कह रहे है हम इधर से 40 आदमी लिख कर दे देत`है और यह भी लिख दे कि असैम्बली को भंग करवा दो। (ाोर)

श्री लछमन सिंहः चेयरमेन साहब, मै अर्ज कर हा था कि जब इन को बजट में आलोचना करने वाली कोई बात नही मिली तो इन्होने इसकों इलैक ान बजट कह कर अपना पीछा छुडा लिया। जैन साहब, डाक्टर साहब और मेरे बहुत दूसरें दोस्तों नें कहा कि इस बजट में गरीबों के लिये, हरिजनों के लिये, हरिजनों के लिये और बैकवर्ड क्लास के लोगों के लिये कुछ नही है। बजट पढ़ने के बाद अगर गौर से देखा जाए तो एक बात बिल्कुल साफ हो जाती है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के मैनिफैस्टों के मुताबिक इसबाजट में गरीबों के लिये, बे–सहारा लोगों के लिये, बेरोजगारेां के लिय, हरिजन और बैकवर्ड क्लास के लिये सब से ज्यादा प्रायरिटी दी गई है.....

श्री जय नारायण वर्मा: चेयरमैन साहब, ये बजट पर बोल रहे है या मैनिफैस्टो पर? (ाोर)

श्री लछमन सिंह: चेयरमेन याहब, मै कभी किसी को इन्ट्रप्अ नही करता लेकिन समझ में नही आता कि ये लोग मुझे क्यों इन्ट्रप्अ कर रहे है? (ाोर)

श्री सभापति: मै दोनों तरफ के मैम्बर साहिबान से रिक्वैस्ट करूंगा कि वे चेयर को ऐड्रैस करें और माननीय सदस्य को आराम से सुनें।

श्री लछमन सिंह: चेयरमैन साहब, डिवैल्पमैंट के जितने भी प्रोग्राम है अगर आप उन पर नजर दोड़ा कर देखे तेा आपकों पता लगेगा कि चारों तरह आज सूखा है। और हर चीज की भाार्टेज है लेकिन इसके बावजूद भी हम एग्रीकल्चर प्रोडयूस 21 लाख टन प्रोक्योर करने जा रहे है जबकि पिछल साल यह 18 लाख टन थी। इसी तरह से आप रोडज के बारे में देखें, कितना बड़ा प्रोग्राम हैं हर गांव को 1980 तक पक्की सड़के से जोडत्र दिया जाएगा। इसके बाद पीने के पानी की बात हजैं इसमें कोई भाक नही कि इस मामले में सब से ज्यादा प्रायरिटी मिलनी चाहिये। मै आपकें एक बात बतानाचाहता हूं कि यह महकमा एक साल चौधरी बीरेन्द्र सिंह के पासरहा था और उस वक्त किसी को यह पता ही नही था कि इस नाम का कोई महकमा भी है ईमानदारी से यहां पर कोई भी आदमी कह दे कि किसी को इस

बारें में पता था। इसके बाद जहां तक इरीगे ान की बहुत4 ज्रूरत है। मै चीफ मिनिस्टर साहब, फाइनैस मिनिस्टर साहब और इरीगे ान मिनिस्टर साहब के नोटिस में एक बात लाना चाहता हूं कि इस मामले मे ंसबे ज्यादा अम्बाला जिलाक इग्नोर्ड हैं कालका, नारायणगढ, मोरनी औद छछरौली के जो इलाके है, यहां पर इरीगे ान की कोई फैसिलिअी नही हैं इसके बारें में मै एक तजवी जरखना चाहता हूं कि जैसे नाढा साहब के पास सायल कंजरवे ान वाले 72 हजार रूपये की लागत से एक डैम बनाने जा रहे हैं उसी तरह से आप छोटे–छोटे प्राजैक्ट बना कर हाथ में लें। लेकिन हमारे इरीगे ान डिपार्टमैंट वाले सिर्फ करोड़ो रूपये का प्रोजैक्ट बना कर हाथ में ले लें लेकिन हमारे इरीगे ान डिपार्टमैंट वाले सिफ करोड़ों रूपये का प्राजैक्ट ही हाथ में लेते है क्योंकि छोटे–छोटे प्रोजैक्टस से उनका कुछ बनता नही। इसलिये मै इरीगे ान मिनिस्टर से कहूंगा कि जो इलाके मैने बताएं है इनमें इस किस्म के प्रोजैक्ट लग सकते है लेकिन इरीगे ान डिपार्टमैंट उसमें दिलचस्पी नही लेता। मै कहूंगा कि ऐसे प्रोजैक्टस को डिपार्टमैंअ अपने हाथ में लें।

चेयरमैन साहब, इसके अलावा मै एक बात और कहना चाहता हूं कि देहातों के अन्दर एम०आई०टी० टयूबवैल्ज लगाने का काम करती है और सरकार टयूबवैल्ज लगानेके लिए 25 फीसदी सबसिडी देती है। जब तक कालका के एरिया में 50 फीसदी सबसिडी नही दी जाएगी तब तक उस इलाके का काम अच्छी तरह

से नही चल सकता। एम०आई०टी०सी० वाले कहते है कि हमारे पास इतना पैसा नही है। चेयरमेन साहब, उस इलाके को इस सरकार को इतनी नीची लजरों से नही देखना चाहिए बल्कि उस इलाके की इमदार करनी चाहिए। यदि यह सरकार उस इलाके की इमदार करेगी तो यह इमदार गरीब किसानों की इमदार होगी। चेयरमैन साहब, जहां तक अम्बाला जिले के रेवेन्यू का ताल्लूक है, हरियाणा प्रदे ा में सबसे ज्यादा रेवेन्यू सरकार अम्बाला जिले के रेवेन्यू का ताल्लुक है, हरियाणा प्रदे ा में सबसे ज्यादा रेवेन्यू सरकार को अम्बाला जिले से प्राप्त होता है। लेकिन जहां तक अम्बाला जिले में कृशि पर खर्चे का ताल्लुक है, वह सब जिलों से कम होता है। चेयरमैन साहब, यह रिकार्ड की बात हैं मेरी सरकार से प्रार्थना है कि यह अम्बाला जिले का पूरा ध्यान रखे और इस जिले के लिए कुछ साधन जुटाए। चेयरमेन साहब, मै टूरिजम डिपार्टमैंट को मुबारिकबाद दिए बगैर नही रह सकता क्योंकि इस डिपार्टमैंट ने बहुत अच्छा काम करके हिन्दूस्तान में हरियाणा प्रांत का नाम बुलन्द किया हैं इसलिए यहां हाउस में यह कहना कि टूरिज्म डिपार्टमैंट में कोई काम नही हो रहा है, मै समझता हूं यह डा० साहब की तरफ से बडत्री बेइन्साफी होगी। चेयरमैन साहब, यह बात सभी जातने है कि कुछ दिन पहले डा० साअब भी मंत्री की कुर्सी पर विरनाजमान ि और ये पालिसी बनाया करते थे। यह तो हो सकता है कि अब उनकी कसुी खुस गई और डा० साहब को नजर नही आता कि कहां जाऊ। (ाोर एवं विघ्न)..... चेयरमेन साहब, मै आपके द्वारा हाउस को एक बात बातना चाहता

हूं कि डा० साहब ने बजट पर चच्रा करते हुए मोरनी की पहाड़ियों की बात कही थी। डा० साहब, ने कहा कि मोरनी की पहाड़ियों में खैर के द्रखत अप–रूट हुए है। चेयरमैन साहब, आप यू०पी० सरकार को 1960 से लेकर 1970 तक का रिकार्ड मंगवा कर देख ले। यू०पी० सरकार ने खैर के द्रक्षतों को अप–रूट किया है। वहां पर यह कहंडी ान वाईडिग है कि हर खैर के द्रखत को अप–रूट किया है। वहां पर यह कंडी ान बाईडिग है कि हर खैर के द्रखत को अप–रूअ किया जाएगा। चेयरमैन याहब, अप–रूटिग करने के लिए ठेकेदारकोईपैसा नही देता क्योंकि अप–रूटिग पर बहुत ज्यादा पैसा खर्च होता हैं चेयरमैन साहब, आप हरियाणा फारैस्ट डिपार्टमैंट का रिकार्ड मंगा कर देख ले। एग्रीमैंट में एक क्लाज है। उस क्लाज में यह लिखा हुआ है कि ठेकेदार सरकार का गुलाम नही हैं ठेकेदार तो सिर्फ एग्रीमैंट परकाम करता है। चेयरमैन याहब, हमारा फारेस्ट डिपार्टमैंट बहुत ईमादारहैं इस डिपार्टमैंट के 5 अधिकरियों की एक कमेटी होती है। जब फारैस्ट में आक ान होती है तो उस वक्त यह कमेटी वहां पर मौजूद होती है और आक ान की मंजूरी सरकार देती (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) स्पीकर साहब, एग्रीमैंट में यह क्लाज मौजूद हैं कि आक ान करने के बाद ठेकेदार को खैर के द्रखतों को अप–रूटकरना पड़ेगा। आप फारैस्ट इंस्टीच्यूट, देहरादून से किताब मंगवा करदेख ले, उस में लिखा है कि खैर के द्रखत की रूट में एक कीड़ा लगता है जसके कारण खैर का द्रखत जल्दी खत्म हो जाते। इस द्रखत को ज्यादा देर तक खड़े रखने का कोई फायदा

नही है। इसलिए इस द्रखत को अप–रूट किया जाना चाहिए। स्पीकर साहब, डा० ने कहा कि मोरी की पहाडिरूों में खैर के द्रखत अप–रूट हुएहै, यदि इसमें हमारा कोई कंसूर हो तो मै डा० साहब के सामने झुकाने क लिएतैया रहूं और डा० साहब, मेरे कान में कह देत, जो सजा वे देगे वह मुझ मंजूर है। मै एक मिनट भी नही लगाऊगा, मैम्बरी से इस्तीफा दे दूंगा। स्पीकर साहब, यह आज की बात नही हे, यहा हमारा खानदारी पे ाा है। यह बात हाउस के लोग भी जानते है। स्पीकरसाहब, मै दो बार हरियाणा की सरकार मे ंमिनस्टिर रहा हूैं और कसम खा कर कह सकता हूं कि मैने ईमानदारी के साथ काम किया हैं मै आपने विरोधी पक्षक के दोस्तों से कहता हूं कि वे अपने गिरेवान में मुह डाल कर देखे। इनके बारमें मे भी अखबारों की खबरों को सच माल लिया जाये तो पता नही डा० साहब के खिलाफ कितने केसिज होगे। इसलिए अखबारों की तरफ ध्यान न दे। अखबार वालों को तो अपन अखबार बेचना हैं मुझे आप सभी लोग जानते है तै कि करैक्टर का आदमी हू। (ाोर एवं विध्न)

Mr. Speaker: I would request the hoh. Member to please concertrate on the Budget.

श्री लछमन सिंहः स्पीकर साहब, मै इस सरकार से अर्ज करना चहाता हूंकि जब चौधरी देवी लाल जी की सरकार भी उस समय मै उसमें मिनिस्टर था। मैने अपने हल्के के अन्दर नारायणगढ और छछारौली में कुछ स्कूल मंजूर करवाए थे और

चण्डी गढ़ दसे कालका तक सड़क भी मंजूर की थी। यह तो हा सकता है कि चण्डीगढ़ से कालका की रोड रोहतक वालों को फिन न हो लेकिन इसके साथ कालका के इलाके को लोगों का भविश्य जुड़ा हुआ है। यह सड़क बनने से चण्डीगढ के साथ उन लागों के ताल्लुकात बढ़ेगे और लोगो को रोजगार भी मिलेगा। जब चण्डीगढ़ को हम पंजाब को देने के लिए तैयार नही है और हम कहते है कि चण्डीगढत्र हमारा, तो हमें इसके लिए 10–5लाख रूपया खर्च करने मे कोई हिचकिचहाट नही होनी चाहिए। पंजाब ने इसके लिए 55 लाख रूपया खर्च करने के लिए माना हुआ है। लेकिन हरियाणा को तो इसमें केवल 15 लाख रूपया ही लगेगा। यह सड़की सीधी कसौली और िामला को निकल जाएगी। मै सरकार से दरख्वास्त करूंगा कि इन बातों कपर गौर किया जाए। इन भाब्दों के सारूथ मै इस बजट का समर्थन करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने बोलने के लिए समय दिया।

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

डा० मंगल सैन द्वारा

श्री अध्यक्षः डा० साहब, अगर इन्होने आप पर कोई एस्प ार्न कास्ट किया हो तो आप कुछ कहना चाहेगे।

डा० मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने वैसे तो मेरे ऊपर कोई एस्प ार्न कास्ट नही किया। लेकिन इन्होने जो अखबारों के बारें में कहा उस बारें सिर्फ मै इतना ही कहना

चाहता हूं कि अखबारों में जो आया था उस बारें सरकार स्पश्ट करें कि क्या मामला आया था।

वर्श 1980–81 के बजट पर आम चर्चा (पुनरारम्भ)

श्री भले राम (बड़ोदा–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, किसी प्रदे ा का बजट अच्छा या बुरा कहे, इससे पहले हमें इस बात का ध्यान कर लेना चाहिए कि बजट पे ा यिका इसमें किसी प्रकार का कोई न्याया हुआ है या नही। इसमें जो पैसे का बंटवारा है उसकी आईटमवाईज व्यवस्था ठीक या नही, व्यक्तिगत भाोशण को समाप्त करने का ध्यान रखा गया या नही, लोागें पर इसका काई बर्डन तो नही पडत्रा तथा इस प्रदे ा में प्रोडक ान की प्रोग्रैस हुई है या नही इन पहलुओं पर विचार करना जरूरी है। स्पीकर साहाब, इन बातो ंपर गौर करने के बाद हमे ंसोचना चाहिए कि यह बजट अच्छा है या नही। हमारे फाईनैस मिनिस्अर साहब ने अपनी बजअ स्पीच मे ंएक बात की कि आव यकता पड़ने पर टैक्स लगाया भी जासकते है ंस्पीकर साहब, फाईनैस मिनिस्टर साहब ने यह कह कर लोगों पर बर्डन डाल दिया। इसलिए मै इस बाजट को अच्छा नही कहता जितना यह अच्छा होना चाहिए था उतना नही है।

स्पीकर साहब, सरकार कहती है कि इरीगे ान के लिए नहरों मे ंपानी बढ़ायेगे। सिंचाई क कलिए पहले हलन लोहारू कैनाल, सिवानी कैनाल और जवाहरलाल नेहरू कैनाल बनी हुई हैं

इन नहरो ंमें जो पानी चल रहौ, इसको बढ़ाने के लिए खाल पक्के कर दिए लेकिन असल में खल पक्क नही हुए हैं मंत्री जी तो गांव में जाते ही नही, उन्हें क्य पता कि खाल पक्के है या नही। जो लोग गांवों में रहते है उन से पूछिए, ज्यादातार नहरें आज बन्द पड़ी है और जिन मे ंपानी चल रहा है वहा खल कच्चे है सारी पानी जायाहो जाता है। एक बार मै गांव में एम०आई०टी०सी० टयूबवैल देखने गया। जो पानी उस टयूबवैल से निकल रहा था वह खल कच्चा होने की वजह से जाया हो रहा था। सब जगह खालों की यही हालत है अब रहा सवाल नहरों को पक्का करने का। जनता सरकार के आईम पर लहरे पक्की होने के प्रयास होरहे थे लेकिन इस सरकार के आने से वे बन्द हो गये है क्योंकि इंटों का भाव महंगा, सीमेट नही मिलता, ऐसी हालत मे ंनहरें कहां सक पक्की होगी। जो नहरे पक्की बनी हुई है वहां सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि प ाुओं को पानी पीने के लिए घाट नही बनाये गये। मेरे इलाके में बुटाना डिसिट्रूटूटरी है, उसमें प ाुओं के लिएकोई घाट नही है। मै सरकार से दरखवास्त करूंगा कि नहरों मे प ाुओं के लिए घाट बनाये जाएं ताकि मवे ाी पानी पी सकें।

अब में बिजली के बारें मै कहना चाहता हूं। यह ठीक है कि इंडस्ट्रियल प्रोडक ान बढ़ाने के लिए और एग्रीकल्चरल उत्पादन के लिए बिजली का बढ़ना आव यक है ताकि जो प्रोजेक्ट भाुरू किए हुए है वे कामयाब हो सके। लेकिन स्पीकर साहब, कई बार हमारे आफिसरों की लापरवाही से बडत्रे बड़े

नुक्सान हो जाते हैं मेरे नोटिस में आया है कि पानीपत थर्मल प्लांट मे आफिसर्ज की लापरवाही से 4 लाख रूपये पैडल खराब हो गया। यह लापरवाही कैसे हुई? थर्मल प्लांट के एस०डी०ओ० को ट्रांसफर कर दिया और उसकी जगह एक वर्कचार्ज रखा लिया। कर्व चार्ज अैक्नीकल हैड न होने के कारण कुछ नही जानता था। जिसका परिणम यह हुआ कि इतना भारी नुक्सानहो गया। स्पीकर साहब, आप देखे एक तरफ सरकार बिजली बढ़ाना चाहती है और दूसरी तरफ आफिसर्ज की लापरवाही के कारण इतना भारी नुक्सान हो रहा हैं मै सरकार से रिक्वैस्ट करूंगा कि यह जो चार लाख का घाटा हुआ है, जिस आफिसर की लापरवाही से हुआ है, उस पर रिस्पांसिबिलिटी फिक्स की जानी चाहिए। अब मै फलड के बारें में जिक्र करना चाहता हू। पिछले दिनों स्टेट में सूखा पड़ा और यह सरकार चाहती है कि सूखा पड़ता चला ाजए क्योंकि सरकार फलड की रोकथा के लिए कोई कदम नही उठा रही ह। हर बीमारी काइलाज पहले होना चाहिए। हिन्दूस्तान में मेलरिया खत्म हो गया था लेकिन दोबारा आ गया, इसको रोकने के लिए हमारे पास दवाई होनी चाहिए। इसी तरह फलड भी दोबारा आ गया, इसकी रोकथाम के लिए ड्रेन्ज बनाई जानी चाहिए। लेकिन सरकार ने सारी ड्रेन्ज बनाई जानी चाहिए। लेकिन सरकार ने सारी ड्रेन्ज बन्द कर दी और ड्रैन्ज के लिए जितना पैसा रखा गया था वह दूसरी तरफ दूसरें कामों के लिए डाइवर्ट कर दिय। अब सरकार कहती है कि उसके पास ड्रैन्ज खोदने के लिए पैसा नही है। बजट में फलउ के लिए पैसा रखना चाहिए, आज नही तो कल फलड

दोबारा आ सकता हैं इसलिए मै सरकार से गुजारि ा करूंगा कि अधूरी ड्रैन्ज पूरी की जाएं ताक आने वाले फलड के खतरें से बच सके।

ि ाक्षा के बारें मे थोडा सा अर्ज करना चाहता हूं। स्पीकर साहब, प्रजातन्त्र की सफलता के लिए ि ाक्षा का स्तर ऊंचा होना बड़ा आव यक हैं आज जो डिप्रैस्ड क्लास है, वह ि ाक्षा के क्षेत्र में बहुत पीछे हैं किसी दे ा के नौजवान पढ़े लिखे नही होगे तो वे अच्छे नुमांयदे चुनकर नही भेजंगे, अनपढ़ होने की वजह से डिफैक्टर ही चुनेगे, इसलिए ि ाक्षा की तरफ सराकर वि ोश ध्यान देना चाहिए। स्पीकरसाहब, मै इस बात को मानत हूं कि मेरे इलके में काफी स्कूल अपग्रेड किए गए है। यह बैकवर्ड इलाकें में ज्यादा स्कूल अपग्रेड किएजाए, ज्यादा स्कूल खेले जाए। ये बच्चे भी तो हमारे अपने ही है, अगर सरकार ने इनके लिए स्कूल अपग्रेडकर दिए तो कौन–सी बुरी बात है? जहां तक ि ाक्षा के स्तर का सवाल है, आज स्कूलों में पढ़ाई का भट्ठा बैठा हुआ है स्पीकर साहब, श्रीमती भाान्ति राठी को पता नहै कि आज ि ाक्षा का स्टडर्ड गिरता जा रहा है, खासकर हरिजन क्लास का बुरा हाल है। इस सिलसिले में मै सरकार को सुझाव देना चाहता हूं। प्राईमरी स्कूलों मे ंपहली से पांचवी क्लास तक.....

श्री अध्यक्षः जब आपने हैडमास्टरी छोड दी तो भट्ठा बैठना ही थी। (हंसी)

चौधरी राम कि ानः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब, मेरे साथी चौधरी भले राम मेरे मित्र है, मुझे वे क्षमा करेंगे, मै उनसे एक बात कहना चाहूंगा कि जब वे हैडमास्टर थे और मैथेमैटिक्स पढ़ाते थे तो मैथेमैटिक्स में इनका जीरों परसैट रिजल्ट आता था। (हंसी)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नही है।

श्री भले रामः मै छोटी क्लास को नही पढ़ाता था, छोटी क्लास को तो भाान्ति राठी पढ़ाया करती थी और मै हाई स्कूल की क्लासिज को पढ़ाया करता था। (हंसी) स्पीकर साहब, मै सुझाव दे रहा था कि पहली क्लासे से पांचवी क्लास तक एक ही अध्यापक पढ़ाए और लास्ट में इम्तिहान हो। रिजल्ट को जो नार्म सरकार फिक्स करे, अगर उस नार्म से नीचे उस मास्टर का रिजल्ट आता है तो उसकों सजा मिलनी याहिए। एक अध्यापक एक जगह पर आठ सालतक उसी क्लास में रहना चाहिए। इसके इलावा हैडमास्टर को ज्यादा पावर्ज देनी चाहिए ताकि उनके खिलाफ कोई एक ान ले सके। आज हैडमास्टर को पावर्ज देनी चाहिए। ताकि उनके खिलाफ कोई एक ान ले सके। आज हैडमास्टर को पावर्ज ही नही है।सबसे बूरी बात यह है कि हैडमास्टर की बदली सिफारि ा के आधार पर हो जाती है, इसीलिए वे परवाह नही करते, पढ़ाई कैसे करवा सकते है? स्पीकर साहब, डिस्ट्रिक्ट सोनीपत की तहसील गोहाना में एक स्कूल है, इसकी बड़ी खस्ता हालत है। हमने केस तैयार करके ऊपर भेजा हुआ है, फाइल की

मूवमैंट जीर है और मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस स्कूल को टेक–ओवर किया जाए। पता नहीं सरकार ने अब तक क्यों टेक ओवरनहीं किया। स्पीकर साहब, कांग्रसी भाइयों ने हाउस में बड़ी दोहाई दी कि हरिजनों की बड़ी भलाई की जा रही हैं, बड़ी फिगर्ज कोट की हैं। मैं उन भाइयों से कहना चाहता हूं कि पिछले साल के बजट में भाड्यूल्ट कास्ट और बैकवर्ड क्लासिज के लिए 244 लाख रूपये के करीब रखा गया था जिसमें कर्मचारियों की तन्खाहें और एस्टेबलि ामेंट का खर्चा भी आ जाता है। इसमें से 80–90 लाख रूप्या हरिजन कल्याण निगम को दे दिया आध्ैर कुछ बैकवर्ड क्लासिज को भी दिया और कुछ रूपया लैप्स हो गया। स्टेट में हरिजनों की संख्या 20–25 लाख है जिसमें 4 लाख के करीब हरिजन परिवार हैं। मुि कल से इतनी बड़ी संख्या में 66 लाख रूपया खर्च हुआ होगा, बाकी या तो लैप्स हो गया या इधर–उधर चला गया। स्पीकर साहब, चौधरी देवी लाल ने हरिजन चौपालों के लिए 95 लाख रूपया बजट में रखा था, मुझे अच्छी तरह याद हैं। आज वह सारे का सारा पैसा लैप्स हो गया। अगर लैप्स होने के आसार थे तो इस पैसे को हरिजनों की किसी दूसरी स्कीम में क्यों नहीं डाल दिया। गांवों में पीने के पानी का इन्तजाम नहीं है, जो स्कीमें जनता सरकार ने बनाई थीं वे सभी बन्द कर दी हैं, पिगरी की स्कीम थी वह भी बन्द कर दी और हरिजनों के लिए दो हजार रूपये हाउसिज बनाने के लिए सरकार ग्रांट देती थी, वह भी घटाकर एक हजार कर दी और कह दिया कि एक हजार सरकार देगी और तीन हजार निगम कर्जा

देगी। स्पीकर साहब, हरियाणा में 1373 गांवों को यह सरकार हाउसिंग ग्रांट देगी जिसमें 11 जिले हैं, एक जिले में 121 गांव। मेरे कहने का मतलब यह है कि 6 गांवों के हिस्से एक मकान की ग्रांट आती है। इस तरह से हरिजनों का कल्याण कैसे होगा ?

12.00 बजे

अध्यक्ष महोदय, ये चूंकि हरिजनों की दुहाई देते हैं इसलिए मैं आपके जरिए सरकार को कहूंगा कि अगर आप हरिजनों को ऊपर उठाना चाहते हैं, मांगते तो आने हम बना ही दिए हैं, तो एक हरिजना वैल्फेयर फंड स्थापित किया जाए। अब सवाल यह है कि इसमें पैसे कहां से आएं ? जिस तरह से हम फलड रिलीफ फंड के लिए मांगते फिरते हैं, कोई रजाई दे देता है, कोई अनाज दे देता है, कोई पैसे दे देता है, उसी तरह से इस फंड के लिए भी हम पैसे और चीजें इकट्ठी रकें क्योंकि मांगने वाले आपके पास बाबा जी जैसे बहुत बैठे हैं। (हंसी व भाोर)

अध्यक्ष महोदय, अब मैं सो ाल वैल्फेयर के सम्बन्ध में एक बात कहना चाहता हूं। हमारे साथी रण सिंह मान जी एक वर्ग की ओल्ड एज पैन ान के लिए हाउस में प्रस्ताव लाए थे लेकिन मैं कहता हूं कि यह पैन ान सबको मिलनी चाहिए, चाहे कोई आई.ए.एस. हो, चाहे आई.पी.एस. हो, चाहे कोई गरीब हो या अमीर हो, चाहे कोई किसान हो या व्यापारी हो, क्योंकि बुढ़ापा बहुत बुरा होता ळै। कोई नहीं पूछता और छोरे भी डांट मारते हैं।

अध्यक्ष महोदय, इस बारे मे एक बात याद आ गई जो इस प्रकार है:–

आजकल के छोरे देखे मां बापों पर मारे डांट,

सीधी देकर गाली बोलें सुन ले रे बूढे खुरांट,

तेरा अब खटा ना होगा, घर से बाहर बछा ले खाट। (हंसी)

तो इस प्रकार बूढ़े की हालत होती है। (घंटी) अध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात और याद आ गई। एक नौजवान जा रहा था। उसको देखकर एक बुढ़िया रोने लगी। लड़के ने उसे देखा और कहा कि माता जी क्यों रो रही हो ? बुढ़िया सुबक सुबक कर रोने लगी और कहाः–

रोके बुढ़िया बोली रे, बुढ़ापा बैरी खोटा,

घर पर नायन बुलाया करती, पट्टी मांग जमाया करती,

करी कराई खोली रे, बुढ़ापा बैरी।

गलियों में गिरकाया करती,

गूंद पंजीरी खाया करती,

खाली पड़ी बरौली रे, बुढ़ापा बैरी। (विघ्न)

आज न सुनता कोई हमारी,

कभी लाई थी पलंग निवारी,

अब टूटी पड़ी खटौली रे,

बुढ़ापा बैरी खोटा।

बाबा को बुलाया करती,

भूतनी कढ़वाया करती,

रहता था मकड़ौली रे, बुढ़ापा बैरी (हंसी एवं भाोर)

तो अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि बुढ़ापा बहुत बुरी चीज है इसलिए ओल्ड एज पेन् ान सबको मिलनी चाहिए।

मास्टर ि ाव प्र ााद (अम्बाला भाहर): अध्यक्ष महोदय, हरियाणा विधान सभा में इस दलबदलू सरकार के एक मंत्री ने जब बजट पे ा किया तो ऐसा अहसास हो रहा था कि कोई मरसिया पढ़ रहा है। (ाोर) दुःख इस बात का है कि इस बजट में कौमन मैन के लिए, पिछड़े हुए वर्ग के लिए कोई राहत नहीं है। मेरे से एक दो दिन पहले बोलने वाले कुछ वक्ताओं ने, जनता पार्टी के भाासन काल में लोगों को जो राहत मिली, उसका एक एक करके जिक्र यिका लेकिन एक दो बातें मेरे लिए भी छोड़ दीं। अध्यक्ष महोदय, आपको ध्यान होगा कि वाल्मीकियों की तनख्वाह में जो 50 रूपये की बढ़ौतरी की गई थी वह जनता पार्टी की सरकार ने की थी। ये तीस साल तक हरिजनों का नाम लेकर सरकार चलाते रहे लेकिन इनकी हिम्मत नहीं हुई कि उनके वेतन में वृद्धि कर

सकें इसी तरह से पी.डब्लयू.डी. के अन्दर काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी जो 6 रूपये से 8 रूपये की गई वह जनता पार्टी के भाासन काल में की गई, इनके भाासन काल में नहीं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, 24 जनवरी के अखबार में, जिस दिन इस सरकार ने चोला बदला था, एक ब्यान यह था कि हम तो अपने घर में वापिस आ गए, एक ब्यान मे यह था कि हम डैपुटे ान पर गए हुए थे, एक ब्यान यह था कि हम तो बारात में भाामिल हो गए। इन ब्यानों का जिक्र करते हुए मुझे एक बात याद आ गई। किसी लड़की की भाादी हो गई और वह अपने ससुराल में चली गई, अपने पति के घर में चली गई। दस पन्द्रह साल तो उन्होंने आराम से गुजार लिए लेकिन उसके बाद उनकी कुछ अनबन हो गई ओर दोनों पति पत्नी दु:खी रहने लगे। पति ने पत्नी के ऊपर लांछन लगाया और हालात ऐसे पैदा हो गए कि पत्नी अपने पति का घरबार छोड़ गई ओर किसी दूसरी जगह रहना भाुरू कर दिया। दो अढ़ाई साल के बाद जब उसके पति ने दखा कि मेरे पास तो पैसा नहीं लेकिन मेरी पत्नी किसी अमीर के घर में रहने लगी है तो उसने उसे प्रलोभन दिया और अपने घर में ले आया। जब उसकी सहेलियों ने पूछा कि तू यहां कैसे आई, तेरे ऊपर तो इसने लांछन लगाया था ? तो वह कहने लगी कि घर तो मेरा वही है, यहां तो मैं डैपुटे ान पर आई थी। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष: आप बजट पर बोलें।

मास्टर ि ाव प्र ाादः यह बात बजट से सम्बन्धित है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, दो तीन दिन पहले क्वै चन अवर में मधुबन के सिपाहियों का जिक्र आया कि उनके वेतन में वृद्धि होनी चाहिए। उसके उतर में मुख्य मंत्री जी ने कहा कि पुलिस के सिपाहियों में अनु ाासन होना चाहिएं मुझे यह सुन कर खु ाी हुई कि किसी न किसी तरह मुख्य मंत्री जी के दिमाग में अनु ाासन नाम का भाब्द तो आया लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि अनु ाासित जीवन जिस व्यक्ति का होता है, उसका जीवन एक आद र्ा होता हैं। जिस समाज में अनु ाासित जीवन वाले लोग होंगे वह समाज उन्नति करता है, जिस दे ा में अनु ाासित जीवन वाले लोग होंगे वह दे ा भी कभी कभी जगत गुरू कहलाने का हकदार बन जाता है। लेकिन क्या मैं मुख्य मंत्री जी से पूछ सकता हूं कि क्या केवल पुलिस के सिपाही को ही अनु ाासन में रहना चाहिए ? क्या केवल फौज में लड़ने वाले सिपाही को ही अनु ाासन में रहना चाहिए ? क्या सरकारी कर्मचारी को ही अनु ाास्न में रहना चाहिए ? क्या केवल व्यापारी को ही अनु ाासन में रहना चाहिए और राजनीतिक लोग ऐसे हैं जिन्हें अनु ाासित जीवन व्यतीत नहीं करना चाहिए ? (विघ्न) मैं तो समझता हूं कि अगर आपने दे ा का सुधार करना है, दे ा की उन्नति करनी है तो राजनीतिक लोगों को सबसे पहले अुन ाासन में रहना होगा। अध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात याद आ गई किः—

फूल तो दो दिन बहारे जा फिजां दिखला गए,

हसरत उन गुंचों पे है जो बिन खिले मुरझा गए। (प्र ांसा)

इन लोंगों के अन्दर सीजन्ड दल बदलू हैं जिनके जीवन का लक्ष्य ही दल बदल करना है। जिसके हाथ में सरकार हो उसके साथ ही वे हो लेते है। अध्यक्ष महोदय, उन सीजन्ड दल बदलुओं का तो मुझे दुःख नहीं, दुःख तो मुझे उन लोगों का है जिनका राजनीतिक जीवन ही 1977 में जनता पार्टी के मंच से भारू हुआ था। उन बेचारे गुंचों को इन सीजन्ड दल बदलुओं ने अपने स्वार्थ के लिए बिना खिले ही कुचल दिया। (विघ्न) सीजन्ड दल बदलु वे लोग हैं जिनकी अन्तर आत्मा मर चुकी है। मास्टर होने के नाते से मेरा यह फर्ज है कि उस मरी हुई आत्मा को प्रेरणा दे दूं। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः मास्टर जी, आप बजट पर बोलें।

मास्टर ि ाव प्र ादः अध्यक्ष महोदय, मै आज पहली बार सै ान मे बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, अनु ासन कौन पैदा करता है ? अनु ासन पैदा करने का काम केवल ि ाक्ष के क्षेत्र में काम करने वाल अध्यापक के साथ सम्बन्धित है, जिसे ने ानल बिल्डर कहा जाता है।

स्पीकर साहब, अब मैं ि ाक्षा के विशय में भी कुछ बातें अर्ज करना चाहता हूं। मैं तो यह कहूंगा कि अगर बजट के

अन्दर अधिक से अधिक पैसा ि ाक्षा क्षेत्र में काम करने वालों पर व्यय किया जाता तो न आपको सड़कें टूटी हुई मिलतीं और न ही वे लोग, जिनके बारे में आप यह कहते हैं कि वे बेईमानी कर गये, वे बेईमान बनते। ि ाक्षा अच्छी होगी तो न चीफ इंजीनियर बेईमानी करेगा और न ही कोई अन्य व्यक्ति करेगा। ि ाक्षक ने अच्छे व्यक्तियों को पैदा करना है। इस सरकार ने ि ाक्षकों के लिए कुछ नहीं यिका, मामूली सी आंसू पूछने वाली बात है। अम्बाला भाहर, अम्बाला छावनी, फरीदाबाद ओर जगाधरी–यमुनानगर और रोहतक में कुछ अलाउंस दिया है यह तो अच्छा किया परन्तु अगर आप को ि ाक्षकों से हमदर्दी थी तो गांवों में पढ़ाने वाले अध्यापकों को भी दिया जाना चाहिए। ट्रांसफर के लिए अधिक मात्रा में आप लोगों के पास क्यों आते हैं, सिर्फ इसी हाउस–रेंट के कारण आते हैं। बड़े बड़े अफसर अपने रि तेदारों को कहर में या भाहर के नजदीक आठ किलो मीटर के फासले पर लगवाते हैं ताकि उनको हाउस रेंट मिलता रहे। सभी जगह बारबर हाउस रेंट दे दियसा जाये तो यह दिक्कत न हो। भाहरों में या 5 मील के एरियें में काम करने वालों को मिलता है परन्तु 5 मील के एरिये से बाहर काम करने वालों को हाउस रेंट नहीं मिलता। ट्रांसफर पोलिसी इसीलिए कामयाब नहीं है कि उनको हाउस रेंट का बड़ा फर्क पड़ता है। गांवों में काम करने वाले अध्यापकों को अधिक पैसा और सुविधायें प्रदान करनी चाहिए। यदि भाहर मे रहने वाला अध्यापक गांवों में पढ़ाने के लिए जाता है तो उसको दस परसैन्ट गांव अलाउन्स मिलना चाहिए। जो

टीचर गांवों में पढ़ाने जाये उसको बस का पास फ्री मिलना चाहिए। उसको गांवो में जाने के लिए एक दो घंटे लगते हैं, यदि उसको बस का पास फ्री मिल जाये, तो वह गांव में जाने से नहीं हिचकिचायेगा।

